दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### एटीएम मशीन से छेड़छाड़ : रूपए निकालने में असफल रहा आरोपी

#### अज्ञात आरोपी पर थाना पूंजीपथरा में अपराध दर्ज

**रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा में रिपोर्टकर्ता शशीकांत थवाईत पिता स्व. आर.डी. थवाईत उम्र 53 वर्ष निवासी राजापारा रायगढ़ ने दिनांक 12.07.2022 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इंडिया वन ATM गेरवानी का मेनटेनेंस का काम करता है। आज दिनांक 12.07.2022 के सुबह ATM आया तो देखा कि बीते दरम्यानी रात कोई अज्ञात व्यक्ति ATM मशीन से चोरी करने का प्रयास कर ATM मशीन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया। ATM मशीन का मानीटर, कीबोर्ड व लाकर क्षतिग्रस्त पडा है कैमरा में कीचड जैसा लेप लगा है , मशीन से पैसा चोरी नही कर पाया है। रिपोर्टकर्ता के लिखित आवेदन पर अज्ञात आरोपी पर धारा 379, 511, 427 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पूंजीपथरा पुलिस अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 308.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 308.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 12 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 714.4 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 120.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 140.9 मिमी, सूरजपुर में 189.3 मिमी, जशपुर में 138.2 मिमी, कोरिया में 210.5 मिमी, रायपुर में 193.3 मिमी, बलौदाबाजार में 292.2 मिमी, गरियाबंद में 331.9 मिमी, महासमुंद में 289.7 मिमी, धमतरी में 316.9 मिमी, बिलासपुर में 332.0 मिमी, मुंगेली में 374.3 मिमी, रायगढ़ में 262.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 395.6 मिमी, कोरबा में 237.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 378.9 मिमी, दुर्ग में 284.9 मिमी, कबीरधाम में 273.0 मिमी, राजनांदगांव में 330.8 मिमी, बालोद में 376.9 मिमी, बेमेतरा में 230.2 मिमी, बस्तर में 429.5 मिमी, कोण्डागांव में 373.2 मिमी, कांकेर में 418.7 मिमी, नारायणपुर में 348.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 335.2 मिमी और सुकमा में 323.3 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### रायगढ़ जिले में 262.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 12 जुलाई तक 262.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 331.5 मिली मीटर, पुसौर में 371.4, खरसिया में 273.8, सारंगढ़ में 364.4, बरमकेला में 242.3, घरघोड़ा में 202.5, तमनार में 275.2, लैलूंगा में 233.4, धरमजयगढ़ में 175.1, सरिया 199.5 एवं छाल तहसील में 215 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने जुआरी और सटोरियों के खिलाफ अभियान चलाकर सट्टा-पट्टी लिखते तीन युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा-पट्टी और नकदी 3040 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने कल शाम मंगल बाजार में दबिश देकर सट्टा-पट्टी लिखते आरोपी चंदू भारद्वाज 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से नकदी 1310 रुपए जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने सासाहोली रेलवे ओव्हरब्रीज के पास दबिश देकर सट्टा लिखते आरोपी देवानंद सेन 32 वर्ष व राजेन्द्र साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से नकदी 1730 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों सटोरियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पिलाते 7 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी पुलिस ने अवैध रूप से शराब पिलाते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 36सी के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने शराब पिलाते हुए आरोपी लालू डोंगरे 24 वर्ष, ए गणेश राव 36 वर्ष, दिलीप यादव 35 वर्ष चरण दास 35 वर्ष, बाधू चौधरी 32 वर्ष व श्रीराम चौहान 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने रानी सागर मोड़ के पास शराब पिलाते आरोपी प्रदीप गिलहरे 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# शासन की विभिन्न दुर्घटना बीमा योजनाओं के त्वरित क्लेम भुगतान के लिए बनाए व्यवस्था-कलेक्टर रानू साहू

**❑ राजस्व प्रकरणों के मिशन मोड में निराकरण के निर्देश**

**❑ कलेक्टर साहू ने ली समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़।** शासन की विभिन्न दुर्घटना बीमा योजनाओं का लाभ लोगों को तत्काल मिले। इसके लिए ग्रामस्तर पर सरकारी अमले को सक्रिय कर व्यवस्था बनायी जाए। जिससे समय पर बीमा क्लेम प्रस्तुत किया जा सके और परिवार को बीमा की राशि मिल सके। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कई दफे यह बात संज्ञान में आती है कि व्यक्ति का बीमा होने के बाद भी सही समय में क्लेम के लिए प्रकरण प्रस्तुत नही करने पर परिवार आर्थिक मदद से वंचित रह जाता है। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों के पेंडिंग केसेस का भी प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर साहू ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जितने भी अविवादित नामांतरण, फौती के प्रकरण हैं उनका तेजी से निराकरण किया जाए। उन्होंने जिले में राशन कार्ड बनाने की समीक्षा करते हुए खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए पात्रतानुसार कार्ड बनाकर हितग्राहियों को दिए जाएं। उन्होंने पेंशन भुगतान की भी समीक्षा की। उन्होंने पेंशन भुगतान के नए प्रकरणों के साथ ऐसे प्रकरणों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए जिनमें किसी कारणवश नियमित रूप से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ताकि त्रुटियों को दूर कर नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर साहू ने खाद आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम बनाकर उर्वरक दुकानों का स्टॉक वेरिफिकेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीज के उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली और कृषि अधिकारी को पर्याप्त मात्रा में किसानों को बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने सी-मार्ट में उपलब्ध उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय उत्पादों की संख्या बढ़ाने और प्रोडक्ट्स के पैकेजिंग पर विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर साहू ने धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स के संचालन की जानकारी ली। उन्होंने शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इन सस्ती दवा दुकानों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश सभी सीएमओ और जनपद सीईओ को दिए। जिससे अधिक संख्या में लोग कीमतों में 70 प्रतिशत छूट के साथ दवाइयां खरीद सके। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों में शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के एमएमयू संचालन के लिए निश्चित शेड्यूल बनाकर उसकी अग्रिम सूचना स्थानीय स्तर पर देने के लिए कहा जिससे अधिक संख्या में मरीज उसका लाभ ले सकें। कलेक्टर साहू ने स्वास्थ्य विभाग के काम-काज की समीक्षा करते हुए कहा कि शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर्स नियमित रूप से समय पर उपलब्ध रहकर हेल्थ गाइडलाइंस के अनुसार निर्धारित संख्या में ओपीडी और आईपीडी में मरीजों की जांच करें। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड द्वारा करवाए जा रहे ब्लड बैंक तथा दूसरे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए काम में एक माह में प्रोग्रेस लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लोक सेवा केन्द्रों में रखें चेक लिस्ट-** कलेक्टर साहू ने कहा कि लोक सेवा केन्द्रों में आवेदकों को समय-सीमा में लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए उन्होंने केंद्रों में सभी सेवाओं से जुड़े दस्तावेजों की चेक लिस्ट रखने के निर्देश दिए। जिससे आवेदक द्वारा सेवा का लाभ लेने के लिए जो दस्तावेज दिए जा रहे हैं उसका मिलान किया जा सके और यदि कोई डॉक्यूमेंट नहीं है तो उसकी सूचना वहीं आवेदक को मिल जाए और आवेदन वापस न करना पड़े। ताकि वह जरूरी दस्तावेज जमा कर चाही गयी सेवा का लाभ जल्द ले सके और प्रकरणों का निराकरण भी तेजी से हो।

**बारिश में सतर्कता बरतने गावों में कराएं मुनादी-** कलेक्टर साहू ने कहा कि बारिश के मौसम में ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश और मौसमी बीमारियों के प्रकरण देखने को मिलते हैं। इससे बचाव के लिए उन्होंने गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जमीन में सोने से परहेज करने, मच्छरदानी का प्रयोग करने के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।

## ग्राम हाटी में दलहन फसल पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग, रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में इंजी. आर.के.स्वर्णकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं उप संचालक कृषि हरीश राठौर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-हाटी में दलहन फसल पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक के.के.पैकरा द्वारा दलहन फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक, मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक के उपयोगिता व महत्व एवं जल प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही फसल चक्र अपनाने के लिये विशेष जोर दिया गया जिससे कि मृदा का संतुलन पर विपरित प्रभाव न पड़े। प्रशिक्षण के आगे कड़ी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शशि प्रकाश द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना व विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत से जानकारी दी एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्ष लगाने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये नाडेप खाद, वर्मी कम्पोस्ट बनाने व प्रयोग करने हेतु सुझाव दिये। प्रशिक्षण के अंत में उर्द बीज का वितरण, कृषि संबंधी उपयोगी पत्रिका, कृषि पंचाग-2022 एवं इंदिरा किसान मितान पत्रिका का नि:शुल्क वितरण किया गया। कृषकों द्वारा इस प्रषिक्षण को कृषकों के लिए बहुत उपयोगी बताया साथ ही निकट भविष्य में इस प्रकार कार्यक्रम कराने की अपील किये।

## मारपीट तथा लूट के प्रयास के संगीन आरोप में आरोपी को भेजा गया रिमांड पर

**❑ आरोपी पर किशोर बालक से मारपीट व मोबाइल लूट कर डाटा डिलीट करने का है आरोप**

रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में ढिमरापुर चौक में रहने वाला 17 वर्षीय बालक अनिश सिंह पिता अजय सिंह ने दिनांक 11.07.2022 के शाम को अपने परिजनों के साथ थाने आकर केवडाबाडी बस स्टैण्ड स्टैट बैंक के पास रहने वाले आकाश शर्मा नाम के युवक द्वारा बीते रविवार के दोपहर रामलीला मैदान पर बुलाकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट करने और मोबाइल छीन कर उसमें रखे उसके कई महत्वपूर्ण डाटा को डिलीट कर देना बताया। पीड़ित बालक बताया कि आकाश शर्मा उसे थाने में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दिया गया है। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा गंभीर अपराध की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पीड़ित के लिखित आवेदन पर आरोपी आकाश शर्मा निवासी केवड़ाबाड़ी रायगढ़ के विरूद्ध गाली गलौच, मारपीट और लूट के प्रयास के संगीन धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर अपने स्टाफ के साथ आरोपी के घर दबिश दिया गया, आरोपी को बस स्टैंड के पास से हिरासत में लेकर थाना लाया गया है, जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। पीड़ित के अनुसार उसके मोबाइल पर आरोपी के कुछ फोटो, विडियों थे जिसे डिलीट करने आकाश शर्मा बालक अनिश सिंह को धमकी दे रहा था। जब अनिश ऐसा करने से मना किया तो उसे धोखे से रामलीला मैदान बुलाकर अपना भय दिखाकर गाली-गलौच मारपीट और मोबाइल लूट का प्रयास किया।



शहर के बीचों बीच इस प्रकार की मारपीट की वारदात को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कड़ा रूख अख्तियार किये हुए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा असमाजिक तत्वों पर प्रतिबंधित करने बदमाश प्रवृत्ति के लोगों के नाम गुण्डा सूची में दर्ज करने तथा आदतन बदमाश जो निरंतर अपराधिक गतिविधियों में शामिल पाये गये हैं, उनका निगरानी रजिस्टर खोलने निर्देशित किया गया है जिसके पालन में टीआई मनीष नागर द्वारा आरोपी आकाश शर्मा पिता प्रेमलाल शर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी केवडाबाडी बस स्टैण्ड थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ के अपराधिक रिकार्ड के साथ आरोपी को गुण्डा सूची में लाने फाइल उच्च अधिकारी की ओर प्रेषित किया जावेगा। थाना कोतवाली रायगढ़ में आरोपी आकाश शर्मा के विरूद्ध वर्ष 2020 में अजय मानिकपुरी नाम के युवक का व्यपहरण करने का मामला दर्ज है।

## जल जीवन मिशन के तहत 469 गांवों में शुरू होगी समूह जल प्रदाय योजना

**0 राज्य जल संसाधन उपयोग समिति ने दी मंजूरी**

**0 पांच उद्योगों को भी मिलेगा पानी**

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के 469 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही पांच उद्योगों पॉवर संयंत्रों को भी जरूरत का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय जल संसाधन उपयोग समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।



बिलासपुर के विकासखण्ड कोटा के 21 ग्रामों की चपोरा-बाराडीह-बानाबेल समूह जल प्रदाय योजना के लिए चांपी जलाशय योजना की मुख्य नहर से पानी दिया जाएगा। महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद में 48 ग्रामों की समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी पर निर्मित समोदा बैराज से पानी दिया जाएगा। मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया के 34 गांवों की सांवा-बिरबिरा समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी पर निर्मित मदकू एनीकट से पानी दिया जाएगा। जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड कोण्डागांव में 23 ग्रामों के घोड़ागांव-जोबा समूह जल प्रदाय योजना के लिए कोसारटेडा जलाशय से पानी दिया जाएगा। मुंगेली जिले के लोरमी, मुंगेली पथरिया विकासखण्ड के 206 गांवों की खुडिय़ा समूह जल प्रदाय योजना के लिए मनियारी नदी/मनियारी जलाशय (खुडिय़ा बांध) से पानी की आपूर्ति की जाएगी। बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड के 61 ग्रामों की मोतिमपुर समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी की मोतिमपुर विरोड़ा एनीकट से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखण्ड के पहाड़अमोरन में 33 गांवों की सारासोर समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी से पानी दिया जाएगा। भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पासल में 43 गांवों की झिलमिली समूह जल प्रदाय योजना के लिए रेड़ नदी से पानी दिया जाएगा।

रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़ में जामगांव के पास संचालित होने वाले एमएसपी स्टील एण्ड पॉवर को कुरनाला पर निर्मित बेहरापानी एनीकट से पानी दिया जाएगा। बलरामपुर जिले के ग्राम परसवाखुर्द के पास प्रस्तावित बायो एथेनाल डिस्टलरी संयंत्र को बॉकी नदी से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जांजगीर-चांपा के तहसील नवागढ़ के ग्राम मुड़पार के पास प्रस्तावित सोना पॉवर प्लांट को महानदी से जल प्रदाय किया जाएगा। नारायणपुर जिले के ग्राम छोटेडोंगर के पास प्रस्तावित जायसवाल निको आयरन ओर प्लांट को मादिन नदी से पानी दिया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा के सिमगा स्थित घुघवाडीह गांव के पास प्रस्तावित जी ओएस इस्पात को शिवनाथ नदी पर निर्मित बहिंगा एनीकट से पानी दिया जाएगा।

## प्रशासन की छापामार कार्यवाई में 12 क्विंटल से अधिक पॉलिथीन बैग जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी चीजों का उपयोग प्रतिबंधित करने के बाद प्रशासन ने भी इसके विरूद्ध कार्रवाईयां शुरू कर दी है। सिंगल यूज पॉलिथीन बैग की दो फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई कर प्रशासन के अधिकारियों ने 12 क्विंटल 35 किलो पॉलिथीन बैग और प्लॉस्टिक जब्त की है। इसके साथ ही दोनों फैक्ट्रियों को सील कर उनके बिजली कनेक्शन को काटने के निर्देश भी विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय अधिकारियों को दिए गए है। तहसीलदार डॉ. अजंली शर्मा ने विधानसभा चौक के पास सकरी गांव में स्थित संतोषी प्लास्टिक संस्थान में औचक निरीक्षण कर 8 क्विंटल 75 किलो सिंगल यूज प्लॉस्टिक कैरी बैग जब्त किए है। वहीं नायाब तहसीलदार नारायण चंद्राकर ने आरंग तहसील के कुटेसर स्थित शिवसन्स पॉलिमर्स में छापामार कार्रवाई कर 3 क्विंटल 60 किलो सिंगल यूज प्लॉस्टिक कैरी बैग जब्त किए है।



उल्लेखनीय है कि एक जुलाई से शासन ने सिंगल यूज प्लॉस्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। दुकानों और बाजारों में पॉलिथिन में सामान देने पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद बनाने वाले छोटे-बड़े कारखानों पर भी छापामार कार्रवाई कर उत्पादन बंद कराया जा रहा है।

## सीताराम को मिलेगी नियमित डायलिसिस की सुविधा, कलेक्टर साहू ने दिए निर्देश

**❑ राशन कार्ड का आवेदन लेकर पहुंची सविता को जनदर्शन में ही तैयार कर के दे दिया कार्ड**

**❑ कलेक्टर साहू ने सुनी जनदर्शन में आयें लोगों की समस्या, दिए तत्काल निराकरण के निर्देश**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी और मौके से ही निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। किडनी बीमारी से ग्रसित रायगढ़ के पंजरी प्लांट निवासी सीताराम यादव कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कलेक्टर साहू को बताया कि किडनी बीमारी के कारण उन्हें सप्ताह में दो बार डायलिसिस कराना पड़ता है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका डायलिसिस तो रहा था लेकिन उसमें राशि खत्म हो जाने के कारण अब उनका डायलिसिस कार्य रूक गया है। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष जिला चिकित्सालय में अपना डायलिसिल करवाने हेतु मांग की। कलेक्टर साहू ने उनकी मांग पर तत्काल सीएमएचओ डॉ.केशरी को नियमित डायलिसिस की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए।





जनदर्शन में रियापारा निवासी वृद्धा आशा लता तिवारी वृद्धा पेंशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि पति की मृत्यु पश्चात एवं वृद्धा अवस्था के कारण जीविकोपार्जन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर साहू ने संबंधित अधिकारी को तत्काल उनका वृद्धा पेंशन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-मिड़मिड़ा निवासी धनुर्जय पण्डा ने अपने खेत में रागी फसल लिया था। फसल खराब होने पर मुआवजा राशि की मांग के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। जिस पर कलेक्टर साहू ने आवेदक के फसल नुकसान का आंकलन करने एवं उचित मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में कृषि विभाग को निर्देश दिए। रायगढ़ के सोनूमुड़ा निवासी रत्थू राम लम्बे समय से अपने हाइड्रोसिल बीमारी से परेशान थे, जिन्होंने आज जनचौपाल में कलेक्टर रानू साहू के समक्ष इलाज के संबंध में अपनी समस्या बतायी। कलेक्टर साहू ने तत्काल सीएमएचओ को संबंधित व्यक्ति का ऑपरेशन करवाने के निर्देश दिए। इसी तरह किरोड़ीमल नगर के मेहत्तर पटेल अपनी पुत्री का कक्षा 9 वीं में हाईस्कूल में एडमिशन के लिए आवेदन लेकर आये थे। साथ ही उर्मिला यादव अपने पुत्र व बाबूलाल रत्नेश अपनी पुत्री का आरटीई के तहत प्राईवेट स्कूल में दाखिला दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित आवेदन का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनचौपाल में आज कुल 67 लोगों ने कलेक्टर साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनचौपाल में कलेक्टर साहू ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जन चौपाल में आए राशन, पेंशन, बिजली, राजस्व व आवास आदि की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जनदर्शन में ही बन के मिल गया राशन कार्ड-** जनदर्शन में सुशीला साव व किरण दीपक साकेत ने राशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। कलेक्टर साहू ने खाद्य विभाग को पात्रता की जांच कर तत्काल आवेदकों को राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिस पर खाद्य विभाग द्वारा तत्काल उनका प्राथमिकता राशन कार्ड बनाया गया। जिसे कलेक्टर साहू ने आवेदिका सुशीला साव को प्रदान किया। कार्ड मिल जाने पर उसने खुशी व्यक्त करते हुए कलेक्टर साहू का आभार जताया। वहीं एक अन्य आवेदिका छेदिन बाई निषाद का राशन कार्ड में नामिनी परिवर्तन का भी कार्य किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480